परिवहन मंत्री ने किया एनकोर टैक्सी का अनावरण

कोलकाता, 24 सितंबर (जनसत्ता)। महानगर के खुदीराम अनुशीलन केंद्र में मंगलवार की दोपहर राज्य के परिवहन मंत्री मदन मित्र ने हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड (एचएम) की नई एंबेसेडर एनकोर टैक्सी का अनावरण किया। इसका अनावरण करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि बीएस फोर वाली इस डीजल टैक्सी की आवाजाही से प्रदूषण कम होगा। इस मौके पर हिंदुस्तान मोटर्स ने मशहूर एथेलिट आशा राय को यह नई एनकोर टैक्सी भेंट की। अनावरण समारोह में परिवहन मंत्री के अलावा हिंदुस्तान मोटर्स के एमडी व सीईओ उत्तम बोस के अलावा मुख्य महाप्रबंधक राजीव सक्सेना समेत अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।